


## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### किसान सेवा समिति के विजय अध्यक्ष मनोनीत



**सोनहत।** मुख्यालय स्तर पर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत 25 जनवरी को बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय में विभिन्न ग्रामों से आए किसानों की उपस्थिति में किसान सेवा समिति का गठन किया गया। इस दौरान किसानों ने गहन विचार-विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारियों का चयन किया। गठन प्रक्रिया में अध्यक्ष पद के लिए विजय गुरूजी, उपाध्यक्ष पद के लिए वंश जीवन निवासी सलगवां कला, सचिव पद के लिए हरि गुरुजी, कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रेमशंकर राजवाड़े तथा महामंत्री पद के लिए निर्मल जायसवाल को मनोनीत किया गया। चयन की घोषणा होते ही उपस्थित किसानों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। समिति गठन के पश्चात पदाधिकारियों द्वारा किसानों को आश्वस्त किया गया कि कृषि से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए प्राथमिकता के साथ पहल की जाएगी तथा किसानों के हित में सतत प्रयास किए जाएंगे।

### पीएम श्रम योगी मानधन योजना के तहत शिविर



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश व मार्गदर्शन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 92 लघु व्यापारियों, स्वरोजगारियों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य व जिला श्रम पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु के पश्चात 3,000 प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाती है। योजना का मुख्य उद्देश्य लघु व्यापारियों, स्वरोजगारियों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। योजना में शामिल होने के लिए श्रमिकों को अपनी आयु के अनुसार मासिक अंशदान करना होता है, जिसका समान अंशदान केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है। कलेक्टर ने संबंधित हितग्राहियों से कहा कि इस योजना के बारे में अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी अवगत कराएं ताकि योजनाओं का लाभ ले सकें। श्रम पदाधिकारी सुश्री तनुजा मांझी ने बताया कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए श्रम पदाधिकारी कार्यालय, बैकुंठपुर अथवा लोक सेवा केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** बिलासपुर चौक के समीप ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक ट्रक की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक वाहन की चपेट में आने से बाल बाल बच गया। अटल आवास मुक्तिपारा निवासी दीपक मानिकपुरी आ. सबद मानिकपुरी (39 वर्ष) शनिवार को टिफिन लेकर काम पर जाने के लिए निकला था। रात लगभग 9 बजे साथी रवि के साथ बाइक से बिलासपुर रोड की ओर जा रहा था और जैसे ही बिलासपुर चौक के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक में पीछे बैठा दीपक मानिकपुर सड़क पर गिर गया और उसके सिर पर ट्रक का पहिया चढ़ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### बैंकिंग सेवाएं प्रभावित, दूर-दराज से आए हितग्राही लौटे

# राष्ट्रीयकृत बैंक कर्मचारियों की हड़ताल, लेन-देन ठप







हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया-एमसीबी जिले सहित पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर हड़ताल किए जाने से बैंकिंग व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

हड़ताल के कारण बैंकों में लेन-देन का कार्य ठप रहा। शहर के एसईसीएल कॉलोनी में संचालित एसबीआई, पीएनबी, यूको बैंक, सरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सहित अन्य बैंकों में विशेषकर दूर-दराज ग्रामीण अंचल से आए हितग्राही बैंक बंद मिलने पर निराश होकर वापस लौटने को मजबूर हुए। बुजुर्गों, किसानों, पेंशनधारकों और महिला खाताधारकों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोग जरूरी भुगतान, नकद निकासी और अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए भटकते नजर आए। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, समय-समय आंदोलन जारी रहेगा। बैंक अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर 27 जनवरी को काम बंद कलम बंद हड़ताल की। इसके चलते बैंक उपभोक्ताओ को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके पूर्व बैंक शनिवार लगातार बंद रहे और पॉचवे दिन अपनी मांगों को लेकर बैंक कर्मी हड़ताल पर रहे। इसके चलते कई दिनों से बैंकिंग सेवाएं बाधित रही।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को बैंक कर्मियों ने सप्ताह में 5 दिन बैंकिंग कार्य करने का निर्णय हुआ है, लेकिन उसे लागू नहीं किया गया, ⏭ शेष पेज 4 पर

#### चार दिनों तक बैंक बंद रहा

बैंक कर्मियों का 27 जनवरी को एक दिवस का अपनी मांगों को लेकर हड़ताल में रहे, लेकिन इसके पूर्व शनिवार से सोमवार तक लगातार तीन दिन बैंक बंद रहा और चौथे दिन हड़ताल के कारण बैंक के पट बंद रहे। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को माह का चौथ शनिवार, दूसरे दिन रविवार तथा तीसरे दिन गणतंत्र दिवस का अवकाश रहा, लेकिन इसके दूसरे दिन बैंक कर्मियों की अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। इस तरह एक दिन के हड़ताल के साथ चार दिनों तक लगातार बैंक बंद रहे। इस दौरान उपभोक्ताओं को परेशानी हुई।

# प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में युवती से छेड़छाड़, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास एक युवती के साथ छेड़छाड़ की शर्मनाक घटना सामने आई, इसे लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। यह घटना शहर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए है। शहर में मनचलों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं।

शहर में राह चलते किसी महिला युवती से छेड़छाड़ करने से मनचले बाज नहीं आते हैं। कई बार युवतियां छिंटाकसी को नजर अंदाज कर देते हैं, इसके चलते मनचलों के हौसले और बढ़ते जाते हैं। बीते दिनो शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप मुख्य मार्ग पर एक युवती से एक व्यक्ति ने छेड़छाड़ की तो युवती ने इसका विरोध किया और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में भी पोस्ट कर ऐसे मनचलों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार पीड़ति युवती द्वारा थाने में इसकी शिकायत भी दर्ज कराई। मिली जानकारी के अनुसार एक पीड़ति युवती ने शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास मुख्य मार्ग किनारे एक वाहन में बैठे अरशत नामक व्यक्ति पर छेÞडछाड़ का आरोप लगाया और उस व्यक्ति का वीडियो बनाना शुरू किया तो आरोपी वाहन चालक गाड़ी स्टार्ट पर मौके से फरार हो गया। पीड़ति ने सोशल मीडिया में वीडियो वायरल कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। पुलिस को मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपी की पहचान कर कार्रवई करने की जरूरत है ताकि शहर क्षेत्र में ⏭ शेष पेज 4 पर



#### निजी वाहन चालक करते हैं छेड़खानी

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास मुख्य मार्ग किनारे दर्जनों की संख्या में निजी वाहन किराए पर चलने के लिए दिनभर खड़ी रहती है। मुख्य सड़क से बिल्कुट निकट कई निजी वाहन खड़ी रहती है, जिनके चालकों के द्वारा राह चलती युवतियों पर फब्तियां कसते हैं। इस तरह की शिकायत अक्सर सुनाई देती हैं, लेकिन अधिकांश युवतियां उक्त जगह पर खड़ी निजी चालकों के ऐसी हरकत को नजर अंदाज कर चलते बनती हैं, लेकिन बीते दिनों एक पीड़ति ने इस तरह की घटना न सिर्फ विरोध किया बल्कि आरोपी का वीडियो बनाना भी शुरू कर दिया तो आरोपी चेहरा छिपाकर भाग निकला।

#### तीसरी आंख बंद और सुरक्षा का अभाव

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास सभी ओर पर्याप्त सीसीटीव्ही कैमरे नहीं लगे हैं और कुछ जगह पर लगे भी हैं तो वह महीनों से बंद पड़ा हैं, जिसके सुधार की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। वहीं प्रतीक्षा बस स्टैंड परिसर में पुलिस सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। यहां महिलाओं की सुरक्षा भगवान भरासे रहती है। उल्लेखनीय है कि प्रतीक्षा बस स्टैंड से प्रतिदिन काफी संख्या में युवतियां एवं छात्राएं बस से आना जाना करते हैं, वहीं रात्रि के समय भी अकेले बस पकड़ने आती हैं जो प्रतीक्षालय के साथ बस स्टैंड परिसर में रहते हैं, जिनकी सुरक्षा भगवान भरोसे रहती है।

## सुंदरपुर के विद्यार्थियों की रही शानदार प्रस्तुति



**बैकुण्ठपुर।** गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर सोनहत जनपद क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर के छात्र-छात्राओं ने काफी संख्या में दीप प्रज्जवलित कर भारत का नक्शा बनाया जो आकर्षण का केन्द्र रहा।

### रोजगार सहायक नौकरी से बर्खास्त

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत एक सरकारी स्कूल परिसर में मयार्दा को तार-तार करने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में रोजगार सहायक जिंदरसाय सोनवानी को सार्वजनिक स्थान पर नोट उड़ाते हुए देखा गया, मामले को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत सोनहत द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह कृत्य छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-03 के तहत कदाचार की श्रेणी में आता है, जो एक लोक सेवक के आचरण के सर्वथा विपरीत है और इससे शासन की छवि धूमिल हुई है। प्रशासन द्वारा पहले संबंधित रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन प्राप्त जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर छग सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत तत्काल प्रभाव से उन्हें पद से पृथक कर दिया गया।

## खंड स्तर पर उल्लास मेला, नवसाक्षरों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार तथा जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरिया के मार्गदर्शन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकासखंड सोनहत के प्रत्येक ग्राम में उल्लास मेला का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

26 जनवरी को आयोजित उल्लास मेले का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के वयस्कों को सशक्त बनाना रहा। यह कार्यक्रम उन नागरिकों के लिए है, जिन्होंने औपचारिक स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं की है, ताकि वे बुनियादी साक्षरता, शिक्षा एवं जीविकोपार्जन से जुड़ सकें। साक्षरता न केवल व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में सहायक होती है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक एवं आजीवन शिक्षा के अवसर भी प्रदान करती है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरिया तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया के निर्देशानुसार सोनहत विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायतों में उल्लास मेला हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मेले में ग्रामों के नवसाक्षर, परीक्षा महाअभियान में सफल शिक्षार्थी एवं आमजन काफी संख्या में शामिल हुए। नवसाक्षरों ने अपने अनुभव साझा किए तथा विभिन्न स्टॉलों में अपने ज्ञान का आकलन करते नजर आए।




**अनुभव से सीखने का अवसर:** उल्लास मेले में विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से संख्यात्मक ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल, व्यवहारिक शिक्षा एवं दैनिक उपयोग से जुड़ी जानकारियां वयस्क शिक्षार्थियों को प्रदान की गइर्ं। मेले में ज्ञान के साथ मनोरंजन का भी समावेश देखने को मिला। मेले के दौरान रिंग फेंकों एवं अक्षर पहचान जैसे खेल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। इसके अलावा जोड़ मशीन भी उपस्थितजन के बीच काफी लोकप्रिय रही, जिसका बच्चों एवं नवसाक्षरों ने भरपूर आनंद लिया।

### मवेशी तस्करी : छह आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** मवेशियों को चार पहिया वाहनों में लोड़कर झारखंड तस्करी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग भैरोपुर थानपारा में अशोक लीलेंड वाहन में चार मवेशियों को लोड कर बूचड़ खाना ले जाने की तैयारी कर रहे है। पुलिस ने आरोपियों को का पीछा कर उन्हें पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस ने मामले में सनावल बोदरापारा निवासी रमेश कुमार मरकाम, रामचंद्रपुर रेवतीपुर निवासी अशोक कुमार मानिकपुरी, बसंतपुर सियाही मोड़ निवासी विकास कुमार मानिकपुरी, सनावल बोदरापारा निवासी अजय शांडिल्य , शंकरगढ़ भैरोपुर निवासी विष्णु भास्कर , सनावल निवासी सुरेश कुमार गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### शासन की विभिन्न योजनाओं व लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई

# राशन, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं, जनसमस्याओं तथा लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राशन, पेयजल, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रत्येक नागरिक का अधिकार हैं, इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि आम जनता को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में नामांतरण, बंटांकन, सीमांकन एवं नकल से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इन कार्यों के लिए नागरिकों को भटकना नहीं चाहिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र समाधान किया जाए। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा धान खरीदी प्रक्रिया महज तीन-चार दिन शेष हैं, ऐसे में सभी संबंधित अधिकारी जिम्मेदारी से कार्य करें। उन्होंने लोक निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क व अन्य निर्माण एजेंसी विभागों से कहा कि प्रगतिरत कार्यो को समय पर पूरा करें। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा घरों में इन योजनाओं का लाभ दिलाने में जिम्मेदारी से कार्य करें।

बैठक में समय-सीमा के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय पर त्वरित गति से करें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र वैद्य, डीडी मंडावी, जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




समय-सीमा की बैठक लेतीं कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 29 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।

नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग घटनाओं में गंभीर दो महिलाओं की गई जान

**अम्बिकापुर।** गिरने व अचानक तबीयत बिगड़ने की अलग अलग घटनाओं में गंभीर हुई दो महिलाओं की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम करतेपा निवासी महेशरी पति सोमारू (62 वर्ष) पिछले 20 साल से पेट के सूजन से परेशान थी। परिजन जंगली जड़ी बूटी से इलाज करा रहे थे। शनिवार की सुबह झाड़ू लगाकर जैसे ही बाहर से कचरा फैंक कर आंगन में पहुंची तभी गिर गई। इधर तबीयत बिगड़ जाने पर परिजन उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में जयनगर थाना अंतर्गत लटोरी कल्याणपुर कोट बहरा निवासी इंदू कोराम पति देवचंदा सिंह (56 वर्ष) की तबीयत खराब होने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में एक दिन बाद परिजन ठीक हो जाने पर उसे उसके मायके भगवानपुर लेकर गए। आज तड़के 4 बजे अचानक तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने पर परिजन तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सको ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

### क्रिकेट स्पर्धा में एसआर राजपुर की टीम ने हासिल की जीत



**राजपुर।** ग्राम पंचायत सेवारी के ग्रीन पार्क मैदान आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को समापन किया गया। प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा शामिल हुई। समापन अवसर पर प्रतियोगिता का फाइनल मैच एसआर राजपुर एवं हिन्दू युवा मंच के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में एसआर राजपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और प्रतियोगिता की विजेता बनी। वहीं हिन्दू युवा मंच की टीम उपविजेता रही। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, खेल भावना और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया, जिसकी दर्शकों ने जमकर सराहना की। मुख्य अतिथि विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

### अचीवर्स इंटरनेशनल में मना वार्षिक उत्सव

**प्रतापपुर।** अचीवर्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आईजी दीपक कुमार झा शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, एसडीओपी अनूप एक्का, देवेंद्र नाथ दुबे, निष्ठा पांडेय एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमएस धुर्वे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि आईजी दीपक कुमार झा द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसके बाद अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मक सोच, नवाचार एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की।आईजी दीपक कुमार झा ने कहा कि बच्चों की सफलता में माता-पिता, शिक्षकों और समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और निरंतर परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल व इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, साइबर सुरक्षा तथा यातायात नियमों के पालन के प्रति भी जागरूक किया।

## नाबालिग समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

# एक साल पहले हुई मारपीट की घटना का बदला लेने किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



दिनदहाड़े चाकू मारकर युवक की हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। 24 घंटे के भीतर पुलिस ने इस मामले में नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक साल पहले हुई मारपीट का बदला लेने की नियत से वारदात को अंजाम दिया। बड़ी बात यह है कि घटना में प्रयुक्त चाकू विधि से संघर्षरत बालक ने ऑनलाइन मंगवाया था।

**खास बात**
- ऑनलाइन मंगवाया गया था चाकू

बता दें कि 24 जनवरी को बौरीपारा निवासी रितिक जायसवाल अपने दोस्त आनंद गुप्ता के साथ चाय पीने के लिए चांदनी चौक पेट्रोल पंप के समीप विनोद डेली नीड्स में गया हुआ था। इस दौरान मौके पर पहुंचे तीन लोगों ने जबरन विवाद शुरू किया और फिर विवाद के दौरान युवक पर चाकू से हमला कर दिया। दिनदहाड़े चाकूबाजी की इस घटना से हड़कंप मच गया। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने दो घंटे के ऑपरेशन उपरान्त रितिक जायसवाल की जान बचाई।

वहीं इस मामले में पुलिस युवक के भाई रोशन जायसवाल की शिकायत पर अपराध दर्ज कर किया गया। इस मामले में डीआईडी और एसएसपी राजेश अग्रवाल ने गंभीरता से जांच करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान घटना स्थल पर मौजूद सीसीटीवी फुटेज व अन्य तथ्यों की जांच के बाद पुलिस ने मामले में शहर के मायापुर गुरुद्वारा वार्ड निवासी 18 वर्षीय सत्यम सोनकर आ. अर्जुन सोनकर व घुटरापारा निवासी 19 वर्षीय आयुष सोनार आ. शिवशंकर सोनकर व एक 15 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया। इस दौरान पुलिस ने तीनों से पूछताछ की तो आरोपियों ने पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने इस मामले में सत्यम सोनकर, आयुष सोनकर व नाबालिग को बीएनएस की धारा 109, 3,(5) एवं 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी शशिकान्त सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह, अनुज जायसवाल सक्रिय रहे।

### पहले सत्यम ने मारा चाकू

पुलिस की अबतक की जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी सत्यम सोनकर और रितिक जायसवाल का पुराना विवाद था। पिछले साल एक जनवरी को दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इसी का बदला लेने लिए आरोपियों ने योजना बनाई। हत्या की नियत से नाबालिग ने ऑनलाइन चाकू मंगवाया और फिर सभी प्लानिंग के साथ मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने विवाद शुरू किया और मारपीट की। इसके बाद सत्यम ने रितिक जायसवाल चाकू से हमला कर दिया। चाकू में दूसरी ओर दांता होने के कारण वह पेट में ही फंस गया जिसके बाद आरोपी हथियार को मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। वारदात के बाद तीनो घुटरापारा क्षेत्र में जाकर छिप गए थे।




## खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भिलाई वार्ड कमांक 40 निवासी अबोध कुमार सिंह आ. आत्मानंद सिंह भिलाई के एचटीसी सोम लॉजिस्टिक कंपनी का अशोक लिलैंड का ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएस 4038 लेकर 9 नवम्बर को अंबिकापुर आया था। इस दौरान सीमेंट खाली नहीं होने पर चालक 10 नवंबर को ट्रक को रिंग रोड किनारे खड़ी कर सो रहा था जहां कुछ लोगों ने ट्रक से डीजल की चोरी की। इस दौरान आरोपियों ने चाकू, गुलेल से मारपीट की। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 309(4), 309(6), 312 के तहत अपराध दर्ज किया गया था और आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में पूर्व में आरोपी हीरालोनी, रोहित लोनी, धुव्र लोनी, बसंत लोनी, रितेश तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं फरार आरोपियों की तलाश हेतु डीआईजी व एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल ने निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने जांच उपरान्त एमपी कोतमा के नदिया टोला सिलपुर निवासी 28 वर्षीय देवेन्द्र लोनी आ. धनीराम लोनी व 32 वर्षीय शिव प्रसाद लोनी आ. अयोध्या प्रसाद लोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपने गिरोह के साथ मिलकर 10 वर्षों से डीजल चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडजी 2645 व 4 नग जरकिन, पाइप बरामद किया गया।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** बिलासपुर चौक के समीप ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक ट्रक की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक वाहन की चपेट में आने से बाल बाल बच गया। अटल आवास मुक्तिपारा निवासी दीपक मानिकपुरी आ. सबद मानिकपुरी (39 वर्ष) शनिवार को टिफिन लेकर काम पर जाने के लिए निकला था। रात लगभग 9 बजे साथी रवि के साथ बाइक से बिलासपुर रोड की ओर जा रहा था और जैसे ही बिलासपुर चौक के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक में पीछे बैठा दीपक मानिकपुर सड़क पर गिर गया और उसके सिर पर ट्रक का पहिया चढ़ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत दीपक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## खदान दुर्घटना में श्रमिक की मौत पर अपराध कायम

**चरचा कॉलरी।** जिले के चरचा क्षेत्र अंतर्गत खदान में हुई दर्दनाक दुर्घटना के मामले में पुलिस ने जांच पूर्ण कर लापरवाही पाए जाने पर 3 जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। थाना चरचा में पदस्थ उप निरीक्षक द्वारा मर्ग क्रमांक 22/2025 धारा 194 बीएनएसएस के अंतर्गत मामले की जांच की गई। जांच के दौरान मृतक डिगेश्वर सिंह पिता शोभित सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी बरबसपुर के शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम कराया गया था। पीएम रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि मृतक की खदान के अंदर दुर्घटना से गंभीर चोट लगने के कारण मृत्यु हुई है। जांच के दौरान मृतक के परिजन एवं गवाहों के कथन लिए गए। साथ ही डायरेक्टरेट जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी की रिपोर्ट प्राप्त की गई, जिसमें दुर्घटना का मुख्य कारण लापरवाहीपूर्वक कार्रवाई बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार दुर्घटना के समय एसईसीएल प्रबंधन द्वारा ओवरमैन माइनिंग सरदार मिथिलेश कुमार पंजियारा, शिवमूरत चर्मकर, जेएमएस कंपनी के सुपरवाइजर मनीष कुमार की ड्यूटी लगाई गई थी।

जांच में पाया गया कि मौके पर टीवी मशीन ब्रेकडाउन होने के बावजूद सुरक्षा के समुचित इंतजाम नहीं किए गए और लापरवाहीपूर्वक कार्य कराया गया, जिसके कारण यह गंभीर दुर्घटना घटी और श्रमिक डिगेश्वर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। उक्त लापरवाही को गंभीर अपराध मानते हुए थाना चरचा में आरोपियों के विरूद्ध धारा 106 (1), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। रीजनल अस्पताल चरचा से प्राप्त मेमो के अनुसार मृतक को खदान में घायल अवस्था में सहकर्मियों द्वारा अस्पताल लाया गया था। रात 10:42 बजे अचानक उल्टी व सांस लेने में तकलीफ शुरू हुई थी। सभी चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। डॉक्टर द्वारा रात 11:25 बजे मृत घोषित किया गया था। मेमो डॉ. इंद्रजीत प्रभाकर, मेडिकल ऑफिसर, रीजनल अस्पताल चरचा बैकुंठपुर एरिया द्वारा तैयार किया गया था। सूचक के मेमो के आधार पर मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई की गई तथा घटना की सूचना अनुविभागीय दंडाधिकारी एसडीएम बैकुंठपुर को प्रेषित कर दी गई थी। घटना के बाद मृतक डिगेश्वरर सिंह के परिजन में आक्रोश देखने को मिला।

## संजयनगर में हाउसिंग बोर्ड की भूमि को लेकर विवाद बढ़ा, जयनगर थाने में हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर




ग्राम संजयनगर में भूमि विवाद चल रहा विवाद उस समय उग्र हो गया, जब कथित रूप से बिना किसी पूर्व सूचना के गांव में पहुंचकर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों के विरोध पर मामला शांत तो हुआ, लेकिन इसके बाद जान से मारने की धमकी, महिलाओं से अभद्रता और दबाव बनाने के आरोप सामने आने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

ग्रामीणों द्वारा जयनगर थाना में दी गई लिखित शिकायत के अनुसार ग्राम संजयनगर की खसरा क्रमांक 382, 383, 384, 386, 398, 399, 400, 402 से 418, 424 से 433, 435, 436, 438 से 440 तथा 450, 451, 452 सहित कुल 18.95 हेक्टेयर लगभग 20 लाख 39 हजार 761 वर्ग फीट भूमि को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को आबंटित बताया जा रहा है,ग्रामीणों का कहना है कि इस भूमि पर वे दशकों से काबिज हैं। यहां उनके घर, खेती और आजीविका के साधन मौजूद हैं, लेकिन आज तक न तो भूमि का सीमांकन हुआ और न ही किसी प्रकार की अंतिम कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। ग्रामीणों का सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब आज तक जमीन का सीमांकन नहीं हुआ, तो फिर किस आधार पर अचानक कब्जा करने की कोशिश की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि गत दिनों राजेन्द्र सिंह कुछ सत्ताधारी दल से जुड़े लोगों के साथ गांव पहुंचे और बिना सूचना दिए कार्य शुरू कराने का प्रयास किया गया। जैसे ही ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली, पूरा गांव एकजुट हो गया और मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया। ग्रामीणों का कहना है कि काम रुकने के बाद हालात और ज्यादा तनावपूर्ण हो गए। आरोप है कि मौके पर मौजूद सत्ताधारी दल से जुड़े दो लोगों ने ग्रामीणों से तीखी बहस की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इससे भी ज्यादा गंभीर आरोप यह है कि इस दौरान गांव की महिलाओं के साथ अभद्र भाषा और व्यवहार किया गया, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना के बाद संजयनगर गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो स्थिति और बिगड़ सकती है। इसी को देखते हुए सभी ग्रामवासियों ने एकजुट होकर जयनगर थाना प्रभारी को आवेदन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने, धमकी देने वालों पर सख्त कार्रवाई करने और गांव की जमीन की निष्पक्ष जांच व सीमांकन कराने की मांग की है। इस पूरे मामले ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि हाउसिंग बोर्ड को जमीन आबंटित की गई है तो उसकी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और प्रभावित लोगों को पहले से सूचना देकर वैधानिक तरीके से कार्रवाई की जानी चाहिए। अचानक गांव में पहुंचकर दबाव और धमकी के सहारे जमीन लेने की कोशिश लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने पर जांच विवेचना की बात कह रही है।

## पीएमश्री आत्मानंद विद्यालय में हुई सांस्कृतिक प्रदर्शनी

**राजपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, सांस्कृतिक चेतना एवं शैक्षणिक नवाचार को मंच प्रदान करना रहा।

विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य, गीत, नाटक एवं समूह प्रस्तुतियों को अतिथियों व अभिभावकों ने खूब सराहा। वहीं एक पृथक पंडाल में बच्चों द्वारा तैयार किए गए शैक्षणिक मॉडल, कला एवं चित्रकला की प्रदर्शनी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही, जिसमें विद्यार्थियों की नवाचारी सोच स्पष्ट रूप से झलकी।



विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा भी प्रोत्साहन स्वरूप नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्राचार्य गिरीश चंद्र मिश्रा के आशीर्वचन के साथ हुआ। इस अवसर पर जनपद सीईओ संजय दुबे, जय गोविंद तिवारी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कार से शराब तस्करी कर रहा युवक गिरफ्तार, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में दिगर राज्यों से शराब लाकर खपाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि शहर सहित आसपास क्षेत्र में कहीं न कहीं बड़े पैमाने पर शराब खपाया जाता है। बीती रात आबकारी टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब मध्यप्रदेश का लेबर लगे 95 हजार कीमत के 15 पेटी अंग्रेजी शराब का जखीरा जब्त किया। आबकारी टीम ने शराब व वाहन को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार आबकारी आयुक्त आर संगीता व कलेक्टर अजीत बसंत के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी एलके गायकवाड के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में बीती रात आबकारी टीम दरिमा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि इनोवा कार से कई पेटी अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना पर आबकारी टीम ने दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवानगर अड़ची में घेराबंदी की। इसी दौरान आबकारी टीम ने इनोवा कार क्रमांक सीजी 15 बी 6444 को रुकवा कर वाहन चालक गांधीनगर क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी रंजीत कुमार उर्फ लडडू सिंह आ. राम विजय सिंह (40 वर्ष) से पूछताछ की। साथ ही वाहन की तलाशी ली तो वाहन के पीछे रखे 95 हजार कीमत के 15 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया। सभी शराब में मध्यप्रदेश का लेबल लगा हुआ था। अंदेशा लगाया जा रहा है कि शराब मध्य प्रदेश से लाकर क्षेत्र में खपाने की तैयारी में थे। आबकारी टीम ने शराब सहित वाहन को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क , 34(2), 36 एवं 59क के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता, अकाश साहू, सौरभ साहू, आबकारी मुख्य आरक्षक अयोध्या प्रसाद, मथुरा पटेल, पुनालाल जायसवाल,



शराब के पेटी की गिनती करते अधिकारी।

### ढाई लाख कीमत के गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार



**सूरजपुर।** जिले में नशेड़ियों एवं नशे के कारोबारियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस चौकी बसदेई के पुलिस कर्मियों को उस समय बड़ी सफलता मिली जब पुलिस टीम ने कार से भारी मात्रा में गांजा तस्करी कर रहे दो युवकों को पकड़ा। हालांकि एक युवक भागने में सफल हो गया। पुलिस ने कार से ढाई लाख के 10 किलो 850 ग्राम गांजा जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज किया है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के कारोबारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

- कार से कर रहे थे गांजा की तस्करी, एक हुआ फरार

इसी कड़ी में आज चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि कार क्रमांक सीजी 11 बीडी 8383 में तीन व्यक्ति गांजा लेकर बिक्री करने गाम बड़सरा से कुसमुसी की ओर आने वाले है। सूचना पर चौकी बसदेई पुलिस द्वारा कुसमुसी मेन रोड़ पर घेराबंदी कर कार रोकवाया। इस दौरान कार में बैठा एक युवक पुलिस को देखकर भाग निकला। पुलिस ने कार से कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम जटका कटोरी निवासी मुकेश कंवर आ. राम गोपाल (25 वर्ष) एवं योगेश कंवर उर्फ सोनू आ. लक्ष्मण सिंह कंवर (26 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो वाहन से 2 लाख 50 हजार कीमत के 10 किलो 850 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने वाहन सहित गांजा को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया वहीं फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक शिवकुमार सारथी, आरक्षक देवदत्त दुबे, रामकुमार, राकेश सिंह, अशोक सिंह, प्रेम सिंह, भुवनेश्वर सिंह, अशोक केवट व नगर सैनिक अनिल विश्वकर्मा सक्रिय रहे।

### मवेशी तस्करी करने के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** मवेशियों को चार पहिया वाहनों में लोड़कर झारखंड तस्करी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोगन द्वारा भैरोपुर थानपारा में अशोक लीलेंड वाहन में चार मवेशियों को लोड कर बूचड़ खाना लेजाने की तैयारी आकर रहे है। ऐसे में पुलिस ने दबिश दी तो आरोपी भागने लगे। पुलिस ने आरोपियों को का पीछा कर उन्हें पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस ने मामले में सनावल बोदरापारा निवासी 24 वर्षीय रमेश कुमार मरकाम आ. सुखी चरण मरकाम, रामचंद्रपुर रेवतीपुर निवासी 28 वर्षीय अशोक कुमार मानिकपुरी आ. स्व. दरगाही राम मानिकपुरी, बसंतपुर सियाही मोड़ निवासी 18 वर्षीय विकास कुमार मानिकपुरी आ. मोहरलाल पनिका, सनावल बोदरापारा निवासी 21 वर्षीय अजय शांडिल्य आ. रामचरण शांडिल्य, शंकरगढ़ भैरोपुर निवासी 42 वर्षीय विष्णु भास्कर आ. बसंत भास्कर, सनावल निवासी 25 वर्षीय सुरेश कुमार गुप्ता आ. सरजू गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से अशोक लीलेंड वाहन क्रमांक यूपी 64 सीटी 3834 व दो रास मवेशी को जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ छग कृषक पशु परि, अधि, 2004 की धारा 4, 6,10 एवं पशु कूरता नि. अधि 1960 की धारा 11 (घ) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते : अनिल

**मुंबई।** साल 2024 में फिल्म 'फाइटर' रिलीज हुई थी। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत यह फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर आई थी। इसमें अनिल कपूर भी अहम रोल में नजर आए थे। इसकी रिलीज को दो साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर अनिल कपूर पुरानी यादों में खो गए हैं। उनका कहना है कि इस फिल्म से जुड़ी यादें आज भी ताजा हैं। उन्होंने 'फाइटर' से कुछ फोटोज शेयर किए हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'दो साल बीत गए। 'फाइटर' अब भी ऊंची उड़ान पर है। पीछे मुड़कर देखने पर उन यादों के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं, जो स्क्रीन बंद होने के बाद भी लंबे समय तक रहती हैं। कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते।

लाइफ Style



# मौनी
## इवेंट में हुई छेड़छाड़ पर जताई नाराजगी

अभिनेत्री मौनी रॉय को हाल ही में एक ऐसे घटनाक्रम का सामना करना पड़ा, जिसको लेकर उन्हें शर्मिंदगी महसूस हो रही है। इस मामले पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही है। अभिनेत्री मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट में एक हैरान करने वाला खुलासा किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि हाल ही में हरियाणा में हुए एक कार्यक्रम में कुछ बुजुर्ग पुरुषों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। एक्ट्रेस इस हैरान कर देने वाले घटनाक्रम से सदमे में हैं और उन्हें भारी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। मौनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। मौनी ने इंस्टाग्राम पर दो स्टोरी साझा की हैं। इनमें उन्होंने लंबे नोट के साथ अपने साथ हुए हादसे का जिक्र किया है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'पिछले दिनों करनाल में एक कार्यक्रम था और मेहमानों के व्यवहार से मैं बेहद निराश हूं। खासकर उन दो अंकल लोगों के व्यवहार से जो दादा-दादी की उम्र के हैं। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ और मैं मंच की ओर बढ़ी, अंकल और परिवार के सदस्यों सभी पुरुष ने तस्वीरें खींचने के लिए मेरी कमर पर हाथ रख दिया। जब मैंने कहा सर, कृपया अपना हाथ हटा लें, तो उन्हें यह बिल्कुल पसंद नहीं आया।' अभिनेत्री ने आगे बताया, 'मंच पर तो और भी बुरा हाल था। दो अंकल ठीक मेरे सामने खड़े हो गए और अश्लील टिप्पणियां करने लगे, मुझे अश्लील इशारे करने लगे और गालियां देने लगे। मुझे इसका एहसास हुआ और मैंने पहले तो विनम्रता से उन्हें ऐसा न करने का इशारा किया, जिस पर उन्होंने मुझ पर गुलाब फेंकना शुरू कर दिया।

हॉलीवुड मसाला




# लाइवली-टेलर ने जस्टिन पर बोला धावा

**लॉस एंजिल्स।** टेलर स्विफ्ट और ब्लेक लाइवली की निजी चैट लीक हो गई हैं, जिससे हॉलीवुड में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। टेलर स्विफ्ट और ब्लैक लाइवली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह ये है कि दोनों की प्राइवेट चैट लीक हो गई है। इस तरह फिल्मी दुनिया में पर्दे के पीछे चल रहे विवाद एक बार फिर चर्चा का विषय बन गए हैं। हॉलीवुड की चर्चित फिल्म इट एंड्स विद अस से शुरू हुआ विवाद अब एक नया मोड़ ले चुका है। ब्लेक लाइवली और टेलर स्विफ्ट अभिनेता-निर्देशक जस्टिन बाल्डोनी से जुड़े हाई-प्रोफाइल कानूनी विवाद का हिस्सा बन गई हैं।



# हॉलीवुड की वो फिल्म जिसमें दिखी महाभारत की झलक

**लॉस एंजिल्स।** साल 2000 में हॉलीवुड में एक फिल्म आई जिसका नाम था 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस'। इस फिल्म को बनाने के पीछे का उद्देश्य यूं तो आम सा था, लेकिन असल में फिल्म की कहानी कहीं और सो नहीं बल्कि 'महाभारत' से इंस्पायर्ड थी और फिल्म उस दौर में कल्ट क्लासिक बनी थी। फिल्म की कहानी है उस 'अर्जुन' के ऊपर आधारित थी, जो असल में अपने मन की एकाग्रता खो चुका है और फिर उसके जीवन में एक 'कृष्ण' की एंट्री होती है जो उसकी खोई हुई शक्तियों और उसके आत्मविश्वास को याद दिलाता है। विल स्मिथ और मैट डैमन की फिल्म 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस' की इसी पर आधारित थी। फिल्म का बैकग्राउंड 1916 के सवाना यानि जॉर्जिया की पृष्ठभूमि पर आधारित था। यहीं पर रन्नुल्फ जूनह का किरदार निभाने वाले मैट डैमन एक समय के बेहतरीन गोल्फर हुआ करते थे, लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के सदमे ने उसे अंदर से तोड़ दिया।



# सिनेमाघर पहुंचकर बोला भारत माता की जय

**मुंबई।** सिनेमाघरों में 23 जनवरी से वॉर ड्रामा फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही है। दर्शक इसे खूब प्यार दे रहे हैं। पहले और दूसरे दिन फिल्म ने अच्छी कमाई की। इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी हैं। सभी कलाकार अपने-अपने हिसाब से दर्शकों का आभार जता रहे हैं। इसी कड़ी में वरुण धवन एक सिनेमाघर में पहुंचे और दर्शकों से बातचीत की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वरुण धवन उस सिनेमाघर में पहुंचे जहां फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही थी। वह जैसे ही यहां पहुंचे सिनेमाघर तेज आवाज और सीटियों से गूंज उठा। वरुण धवन ने दर्शकों से पूछा, 'आप लोगों को फिल्म कैसी लग रही है?' इस पर दर्शकों ने जवाब दिया 'बहुत अच्छी लग रही है।' इसके बाद उन्होंने जोर से भारत माता की जय बोला।



# किंग का दमदार टीजर किया जारी...

**मुंबई।** इस बार क्रिसमस का त्योहार शाहरुख खान के नाम होने वाला है। 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान के किरदार का लुक भी सामने आया है। साथ ही फिल्म की कहानी की भी झलक मिली है। शाहरुख खान ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में 'किंग' का दमदार टीजर शेयर किया। साथ ही कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दहाड़ने के लिए तैयार है।' किंग खान की इस पोस्ट को फैंस ने भी लाइक किया है। वह अपने पसंदीदा एक्टर की फिल्म देखने के लिए एक्साइटेड हैं। फिल्म 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान का किरदार पहले एक पहाड़ की चोटी पर नजर आता है। फिर अचानक जोर से चींखता है। इसके बाद एक कांच की छत को तोड़ते हुए शाहरुख का किरदार सामने आता है। वह खून से लथपथ नजर आता है।

टीवी मसाला



# कॉमेडी नाइट्स शो छोड़ने का नहीं है कोई मलाल : उपासना

**नई दिल्ली।** कॉमेडी नाइट्स विद कपिल की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस उपासना सिंह को आज भी लोग पिंकी बुआ के नाम से याद करते हैं। उन्होंने कपिल का शो छोड़ने के बरसों बाद अपनी खामोशी तोड़ी है। अक्सर उनके और कपिल के बीच अनबन की खबरें उड़ती रहती हैं, लेकिन उपासना ने इन सबको अफवाह करार दिया है। उन्होंने बेहद शालीनता से कहा कि उनके मन में शो छोड़ने को लेकर कोई दुख या मलाल नहीं है। उपासना ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि कपिल आज भी उनके छोटे भाई जैसे हैं। फिलहाल वह पंजाबी फिल्मों में काफी बिजी हैं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी के तौर पर भी बड़ी जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने कलाकारों की पेमेंट समय पर दिलाने और काम के घंटे तय करने जैसे जरूरी मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'जब हमने ढाई साल एक साथ काम किया था। बहुत प्यारे दिन थे और मेरा किरदार पिंकी बुआ बहुत पसंद किया गया था, जैसे फिल्म 'जुदाई' का 'अब्बा, जब्बा, डब्बा' वाला किरदार फेमस हुआ था।' उपासना सिंह ने कहा, 'मैं कपिल और सारी टीम के लिए बहुत खुश हूं और मेरे मन में कोई दुख नहीं है कि मैं अब शो का हिस्सा नहीं हूं। मेरा मानना है कि जब तक भगवान ने मेरा काम वहां लिखा था, मैंने किया। मेरा और कपिल का कोई झगड़ा नहीं है।

## परिवार की मौत का बदला ही नहीं देश की रक्षा भी बना मकसद

**नई दिल्ली।** हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' शुरू हुआ है। सीरियल में प्रियंका चाहर चौधरी लीड रोल में हैं। जल्द ही आम लड़की पूर्वी नागिन बनकर अपने परिवार की मौत का बदला लेगी। साथ ही सीरियल में वह देश की रक्षा भी करेगी। नाग मणि पान के लिए कुछ लोगों ने मिलकर पूर्वी के परिवार को मार डाला। अब वह अपना नागिन का रूप पहचान चुकी है। उसका एक ही मकसद रह गया है, अपने परिवार की मौत का बदला। उसे हत्यारों के घर में एंट्री ली है। वह एक-एक करके उन लोगों को मारेगी, जो उसके परिवार की मौत के जिम्मेदार हैं। साथ ही यही लोग देश को नुकसान भी पहुंचाने वाले हैं। ऐसे में पूर्वी नागिन बनकर, सभी बुरे लोगों का खात्मा करेगी। दूसरे हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में सीरियल 'नागिन 7' को तीसरा स्थान मिला है।



# शहीद निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले सनी देओल

**मुंबई।** इन दिनों फिल्म 'बॉर्डर 2' सिनेमाघरों में लगी हुई है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने भारतीय वायुसेना के परमवीर चक्र विजेता शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार अदा किया है। सनी देओल ने हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मुलाकात की। फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन जैसे सितारे नजर आए हैं। यह फिल्म साल 1971 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि हमारी जल, थल और वायुसेना ने किस बहादुरी से दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने 1971 युद्ध के हीरो शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों की भूमिका निभाई है। सनी देओल हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले। सनी देओल ने आज रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें अभिनेता निर्मलजीत सिंह के परिवार के सदस्य के साथ नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'हमारे हीरो परमवीर चक्र फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों के परिवार से मिलना मेरे लिए खुशी की बात थी। फिल्म 'बॉर्डर 2' में इनका रोल दिलजीत दोसांझ कर रहे हैं, जिनकी बेमिसाल बहादुरी की सच्ची कहानी आप फिल्म में देखेंगे। उनके परिवार से मिलना बहुत अच्छा और यादगार था'। निर्मलजीत सिंह सेखों ने 1971 के युद्ध में श्रीनगर एयरफील्ड पर पाकिस्तानी जेट हमलों का अकेले मुकाबला किया था। उन्होंने पाकिस्तान के छह फाइटर जेट खदेड़कर भारत माता की सुरक्षा की थी। महज 26 वर्ष की आयु में उन्होंने देश के लिए प्राण नौछावर कर दिए।



# ये हैं संविधान की अहमियत बताने वाली फिल्में
## मुल्क से लेकर जय भीम तक, संविधान का महत्व समझाती कहानियां

**नई दिल्ली।** आज हर देशवासी 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह दिन हमें संविधान की अहमियत समझाता है। संविधान हर भारतीय नागरिक के जीवन को कैसे सशक्त बनाता है। हमें हमारे अधिकारों से संविधान परिचित करवाता है। इस अवसर पर आप ऐसी कुछ चर्चित फिल्में भी देख सकते हैं, जो संविधान का महत्व समझाती हैं। कैसे संविधान से एक नागरिक का जीवन बदलता है, उसकी झलक इन फिल्मों की कहानियों में नजर आती है।



***मुल्क :*** ऋषि कपूर स्टारर की फिल्म 'मुल्क' 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक अल्पसंख्यक परिवार की कहानी थी, सामाजिक भेदभाव, उत्पीड़न का शिकार होता है। ऐसे में यह परिवार कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है। इस परिवार की बहू जो पेशे से वकील है, संविधान के आर्टिकल 15 के तहत अपने हक के लिए केस लड़ती है। संविधान का आर्टिकल 15 राज्य में धर्म, जाति, धर्म, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर नागरिकों के बीच भेदभाव को रोकता है।

***आर्टिकल 15 :*** अनुभव सिन्हा ने ही एक फिल्म 'आर्टिकल 15' बनाई थी। यह फिल्म भी आम नागरिक को उसे हक के बारे में जागरुक करती है। इस फिल्म में लीड रोल में आयुषमान खुराना थे। फिल्म की कहानी में तीन लड़कियों का अपहरण हो जाता है। इस केस के लिए जब आयुषमान खुराना पुलिस ऑफिसर बनकर जांच करते हैं तो मामला 'आर्टिकल 15' के हनन का निकलता है।

***जय भीम :*** साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'जय भीम' में भी सामाजिक भेदभाव की कहानी थी। यह तमिल लीगल ड्रामा फिल्म 1993 में हुई एक असल घटना पर आधारित थी। 'जय भीम' को एक्टर सूर्या और एक्ट्रेस ज्योतिका ने प्रोड्यूस किया था। फिल्म में एडवोकेट चंद्रू का किरदार सूर्या ने निभाया था, वह इरुलर कबीले के हकों के लिए कानून का दरवाजा खटखटाते हैं। यह फिल्म संविधान के 'आर्टिकल 17' का महत्व बताती हैं। संविधान के इस अनुच्छेद के अनुसार छुआछात गैरकानूनी है।

**न्यूटन** : साल 2017 में रिलीज हुई राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'न्यूटन' की कहानी भी नागरिकों वोट देने के उनके मौलिक अधिकारों से अवगत कराती है। संविधान हर नागरिक को वोट देने का अधिकार देता है। इस फिल्म की कहानी में राजकुमार राव एक सरकारी कर्मचारी है, जिसे छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके में वोटिंग करवाने की जिम्मेदारी मिलती है।

## सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो दिलों को छू गई

# इन देशभक्ति गानों को सुनकर जोश से भर जाता है हर भारतीय

***नई दिल्ली।*** *गणतंत्र दिवस के दिन हर किसी के अंदर देशभक्ति की भावना देखने को मिलती है। इसके साथ ही हर तरफ आपको कुछ ऐसे गाने सुनने को मिलेंगे जो सालों से चले आ रहे और उन्हें सुनकर देशभक्ति का जोश लोगों के अंदर जग जाता है। बॉलीवुड ने कई देशभक्ति फिल्में बनाई हैं और उनके गाने आज भी लोग पूरे दिल से सुनते हैं। हिंदी सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो लोगों को दिलों को छू गई। उन्हीं फिल्मों में कई ऐसे गाने रहे जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया।*

### छोड़ो कल की बातें

1960 में रिलीज हुई फिल्म हम हिंदुस्तानी का ये गाना है। फिल्म में सुनील दत्त, आशा पारेख, संजीव कुमार और जॉय मुखर्जी जैसे कलाकार नजर आए थे। 'छोड़ो कल की बातें' गाना सुनील दत्त पर फिल्माया गया था, जबकि इस गाने को मुकेश ने गाया था। गाने के बोल प्रेम धवन ने लिखे थे और इसका म्यूजिक उशा खन्ना ने तैयार किया था। ये एक बेहतरीन देशभक्ति फिल्म थी जो उस साल की हिट फिल्मों में से एक थी।



### भारत का रहने वाला हूं

1970 में रिलीज हुई फिल्म पूरब और पश्चिम मनोज कुमार ने ही बनाई थी। फिल्म में मनोज कुमार ही लीड रोल में नजर आए थे और उनके अपोजिट सायरा बानो नजर आई थीं। ये एक सुपरहिट फिल्म थी और फिल्म में प्राण, अशोक कुमार, निरुपा रॉय, प्रेम चोपड़ा जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में थे। 'भारत का रहने वाला हूं' गाना सदाबहार बन गया था। इस गाने को महेंद्र कपूर ने गाया था, जबकि गाना मनोज कुमार पर ही फिल्माया गया था। इस गाने का म्यूजिक कल्याणजी आनंदजी ने तैयार किया था और इसके बोल इंद्रवर ने लिखे थे।

### आई लव माई इंडिया

1997 में रिलीज हुई फिल्म परदेश के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर सुभाष घई थे। फिल्म में शाहरुख खान, महिमा चौधरी, अपूर्व अग्निहोत्री, अमरीश पुरी और आलोक नाथ अहम किरदारों में नजर आए थे। 'आई लव माई इंडिया' गाना उसी फिल्म का है जिसे आज भी लोग शान के साथ सुनते हैं। इस गाने को हरिहरण, कविता कृष्णमुर्ति, शंकर महादेवन, आदित्य नारायण ने गाया था। गाने का म्यूजिक नदीम-श्रवण ने तैयार किया था और बोल आनंद बख्शी ने लिखे थे।

### संदेशे आते हैं

1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर को जेपी दत्ता ने बनाया था। फिल्म में सनी देओल, जैकी श्रॉफ, सुनील दत्त, अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आए थे। ये उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी जिसका दूसरा पार्ट 2026 में रिलीज होगा। 'संदेश आते हैं' गाना उसी फिल्म का है और आज भी पसंद किया जाता है। इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था।

### ऐ मेरे वतन के लोगों

दिवंगत सिंगर लता मंगेशकर का ये गाना किसी फिल्म का नहीं है। उन्होंने लाइव ये गाना गाया था और बताया जाता है पहली बार जब उन्होंने ये गाना गाया तब ऑडियंस में बैठे सभी लोगों की आंखों में आंसू आ गए थे। उन लोगों में उस दौर के पीएम स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू भी थे, जिनकी आंखें भर आई थीं। इस गाने को आज भी लोग सुनते हैं और इमोशनल हो जाते हैं। लता मंगेशकर जब भी लाइव कॉन्सर्ट करती थीं, तब ये गाना पब्लिक डिमांड पर वो सुनाती थीं।

### मेरा मुल्क मेरा देश

1996 में रिलीज हुई फिल्म दिलजले के डायरेक्टर हैरी बावेजा थे। फिल्म में अजय देवगन और सोनाली बेंद्रे लीड रोल में थे। फिल्म में ये गाना तीन बार दिखाया गया था और आज भी लोग इस गाने को खास दिनों में सुनते हैं। 'मेरा मुल्क मेरा देश' गाना कुमार सानू और आदित्य नारायण के साथ अलका यागनिक ने गाया था। गाने के बोल जावेद अख्तर ने लिखे थे जबकि इसका म्यूजिक अनु मलिक ने तैयार किया था।

## खबर संक्षेप

### स्वामी आत्मानंद में मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस



**कोरिया कॉलरी।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवापारा पोंडी जिला एमसीबी में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संतोष सिंह सभापति नगर निगम चिरमिरी, रामअवतार व श्रीमती पुष्पा सिंह नेताम पूर्व पार्षद की गरिमामयी उपस्थिति रही। सर्व प्रथम विद्यालय के प्राचार्य शुभम अग्रवाल एवं मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात झंडा फहराया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा 150 वीं वर्षगांठ पर सामूहिक वंदे मातरम राष्ट्रगीत गाया गया। प्राचार्य शुभम अग्रवाल ने समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, उपस्थित अतिथियों व गणमान्य नागरिकों को 77 वां गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की और संविधान में कुछ अंशों का जिक्र करते हुए देश के प्रति समर्पण, देशप्रेम संदेश दिया गया। मुख्य होश विद्यालय के विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया। इसके पश्चात प्रभात फेरी निकाली गई।

### एलएलसी और सईसीएल का सफल आयोजन




बैकुंठपुर। कार्डियल पब्लिक हाई स्कूल हरापारा में 23 एवं 24 जनवरी को एलएलसी और एसएलसी 2026 कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन एनसीईआरटी आधारित, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं बीआईओओएमएस के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक सोच, आत्मविश्वास एवं व्यावहारिक ज्ञान का विकास करना रहा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गौरव दुबे प्रोपल एकेडमिक कोच रायपुर एवं गेस्ट ऑफ ऑनर हर्षल दीक्षित ब्रांच मैनेजर, ईएसएएफ बैंक बैकुंठपुर उपस्थित रहे। नर्सरी से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों ने स्टोरी टेलिंग, सेल्फ इंट्रोडक्शन, फैंसी ड्रेस सहित विभिन्न गतिविधियों की प्रस्तुति दी। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथियों राजेन्द्र सिंह, महेश मिश्रा, डॉ. शुभम यादव एवं मोनेश कुमार गजेन्द्र शामिल रहे। कक्षा 3 से 9 तक के विद्यार्थियों ने थ्री डी मॉडल एवं प्रयोगात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से विषयों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। मानव हृदय, मानव नेत्र, व्याकरण एवं गणित जैसे विषयों को दैनिक जीवन से जोड़कर समझाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा अनुशासन एवं सोशल मीडिया विषय पर वाद-विवाद भी प्रस्तुत किया गया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम की सफलता पर अतिथियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### राष्ट्रीयकृत बैंक ...

इसे लेकर बैंक कर्मियों ने मंगलवार को अपनी इसी प्रमुख मांग को लेकर काम बंद कलम बंद हड़ताल किया। बैंक कर्मियों के अनुसार इस व्यवस्था को लागू करने में दो वर्ष डिले हो रहा है, जिसे लेकर समस्त बैंक कर्मियों के द्वारा मंगलवार को इसी प्रमुख मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे, इसके चलते सभी बैंकों का शटर बंद रहा और बैंक उपभोक्ताओं को जानकारी नहीं होने के कारण वे अपने बैंक में बैंकिंग कार्य के लिए पहुंचे तो उन्हें बैंक बंद मिला और वे परेशान होकर बैरंग लौट गए।

### बस स्टैण्ड युवती ...

ऐसी कोई घटना दुबारा घटित न हो। जिला मुख्यालय का बस स्टैंड होने के कारण यहां जिलेभर के लोगों का आना -जाना लगा रहता है। शाम ढलने के बाद रात्रि में भी कई युवतियां अकेले बस से यात्रा करती हैं। दिन में भी कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा युवतियों से छेड़छाड़ की घटनाएं होती हैं, ऐसे में प्रतीक्षा बस स्टैंड परिसर में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था स्थाई रूप से करना जरूरी था। जानकारी के अनुसार पूर्व में प्रतीक्षा बस स्टैंड में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई थी, लेकिन उसे समाप्त कर दिया गया। ताजा घटना के बाद पुलिस को महिलाओं की सुरक्षा बस स्टैंड में सुनिश्चित करने के लिए पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाए जाने की जरूरत है।

## मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शानदार आयोजन

# कोरिया में विधायक भईयालाल ने ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर



जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल स्थित मिनी स्टेडियम में गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े रहे।

उन्होंने परेड की सलामी ली तथा छग के मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन कर जिलेवासियों को छत्तीसगढ़ी भाषा में गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने उद्बोधन में श्री राजवाड़े ने संविधान निमार्ताओं का स्मरण करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान, बाबा गुरू घासीदास के मनखे-मनखे एक समान के संदेश को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संत परंपरा में तुलसीदास और कबीरदास जैसे महापुरूषों ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सर्वोच्च स्थान दिया, जिसे हमारा संविधान हर नागरिक को प्रदान करता है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, वनमंडलाधिकारी चंद्रशेखर शंकरसिंह परदेशी, गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के संचालक शौरभ सिंह ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े सहित गणमान्य नागरिक अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं, जिलेवासी उपस्थित रहे।

## डोमनहिल क्षेत्र में गरिमा व उत्साह के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**डोमनहिल।** गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व क्षेत्र के सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गरिमा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर हर ओर तिरंगा लहराता नजर आया और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

नगर पालिक निगम कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान एमआईसी सदस्य, समस्त पार्षदगण तथा निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। केबी पटेल महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय द्वारा इस बार धरती के सपूत शहीद भगत सिंह के बलिदान को स्मरण करते हुए विशेष मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन में नर्सिंग एवं बीएड के छात्र-छात्राओं के साथ मुकेश भानु का विशेष योगदान रहा। संस्था के डायरेक्टर विश्वजीत बारिक ने बताया कि यह पहल संस्था के चेयरमैन चंद्रकांत पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का परिणाम है। डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर में 77 वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य एसके पांडे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय गान एवं राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन हुआ। प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय हमेशा सर्वोपरि होना चाहिए और विद्यार्थियों को दिए गए प्रत्येक दायित्व को पूरी तन्मयता से निभाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय में प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि मनीष कुमार सिंह सब एरिया मैनेजर ओपन कास्ट माइंस चिरमिरी एसईसीएल द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्जचलित कर किया गया। प्रदर्शनी में 381 विद्यार्थियों द्वारा 161 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। डोमनहिल शासकीय हाईस्कूल में प्राचार्य श्रीमती रजनी सालोमन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर देशभक्ति नारों से गूंज उठा। छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रफुल रेड्डी ने किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सहित काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग की झांकी अव्वल




पूरे देश के साथ कोरिया जिले में भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण के पश्चात वीर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए वंदे मातरम का गायन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अशरफ अंसारी के नेतृत्व में जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में दो महत्वपूर्ण जनहितकारी थीमों पर आधारित झांकी का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। पहली थीम उच्च जोखिम गर्भवती (एचआरपी) महिलाओं की देखभाल पर आधारित रही। जिसमें हर मां सुरक्षित, हर प्रसव सुरक्षित के उद्देश्य को प्रदर्शित किया गया। झांकी के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के समय पर पंजीकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच, निःशुल्क सोनोग्राफी एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार की जानकारी दी गई।

## राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में मना गणतंत्र दिवस



राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में 26 जनवरी को भारत का 77 वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान अपनाया और एक आत्मनिर्भर, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष तथा लोकतांत्रिक गणराज्य बना। यह दिन भारतीय संविधान के लागू होने की याद दिलाता है और हमें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है।

इस पावन अवसर पर संस्थान परिसर को तिरंगे झंडों, रंग-बिरंगे गुब्बारों और देशभक्ति से ओत-प्रोत सजावट से सुशोभित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः ध्वजारोहण से हुई, जिसे इंस्टिट्यूट के संचालक द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात सभी उपस्थित शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय गान गाकर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों के मन में देशभक्ति की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इसके बाद प्राचार्या ने अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने संविधान की गरिमा, लोकतंत्र की मजबूती और नर्सिंग जैसे सेवा-प्रधान पेशे में अनुशासन, समर्पण एवं नैतिक मूल्यों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को एक जिम्मेदार नागरिक और संवेदनशील स्वास्थ्यकर्मी बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण और नृत्य प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, भारतीय एकता और अखंडता को सुंदर ढंग से दर्शाया। छात्राओं की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया और पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की सेवा, संविधान के सम्मान और मानवता की सेवा का संकल्प लिया।

## कोरिया कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण



**बैकुण्ठपुर।** जिले में 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य, गरिमामय एवं राभक्ति से ओत-प्रोत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी रहीं, जिन्होंने विधिवत राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सामूहिक रूप से राष्ट्र गान किया। ध्वजारोहण उपरांत कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने राष्ट पिता महात्मा गांधी के छायाचित्र एवं कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित छग महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए तथा उनके आदर्शों को नमन किया। इस दौरान पूरा परिसर भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा और वातावरण पूर्णतः राष्ट्र मय हो गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 77 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हम सभी के लिए संविधान के आदर्शों, मूल्यों और कर्तव्यों को आत्मसात करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें लोकतंत्र की मजबूती के लिए ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देता है।

## नागपुर में मना 77 वां गणतंत्र दिवस



**नागपुर।** हमारे देश के 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल नागपुर के प्रांगण में पूरे शान-ओ-शौकत के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गइं। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख प्राचार्य संतोष कुमार महादेवा द्वारा भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रीय गान जन-गण-मन गाया गया और अमर शहीदों के जयकारे लगाए गए। बैंड-बाजे की धुन पर राष्ट गीत गाते हुए छात्र-छात्राओं एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई, जो एजो नगर के मुख्य चौक से होकर पुनः स्कूल प्रांगण में संपन्न हुई। स्कूल प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में छात्र-छात्राओं ने गणतंत्र दिवस से संबंधित भाषण, नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। समारोह को शाला विकास समिति अध्यक्ष मनोज शुक्ला, जमुना पांडे, श्याम बिहारी जय सवाल, जनपद सदस्य शाहनवाज अली एवं सरपंच ललन सिंह ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती शाहीन इराकी ने किया। इसी क्रम में नागपुर नगर के मुख्य चौक पर एमसीबी जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू द्वारा राष्टध्वज फहराया गया। वहीं नेशनल हाईवे स्थित नवीन पुलिस चौकी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुर्वेदिक अस्पताल, ग्रामीण बैंक, मिडिल व प्राइमरी स्कूल तथा पेट्रोल पंप सहित विभिन्न संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## न्यू लाईफ नर्सिंग में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह 8 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती, भारत माता एवं देश के राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित से हुआ। संस्था में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों एवं स्टॉफ की उपस्थिति में संस्था प्रमुख डॉ. प्रिंस जायसवाल एवं श्रीमती वंदना जायसवाल के द्वारा ध्वजारोहण कर समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्र गान, झंडा गीत एवं छग राज्यकीय गीत गाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार उत्तम कश्यप, अशोक सिंह, अजय ठाकुर, जुही खातून अतिथिगण के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में नर्सिंग विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत नृत्य छठवां सेमेस्टर, देशभक्ति गीत प्रथम सेमेस्टर, देशभक्ति नृत्य प्रथम सेमेस्टर तथा हरीयाणवी नृत्य, छत्तीसगढ़ी करमा नृत्य सातवां सेमेस्टर के द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र- छात्राओं ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रभावशील नटकीय प्रस्तुती दी। कार्यक्रम के मध्य संस्था प्रमुख डॉ. प्रिंस जायसवाल, प्राचार्या डॉ. अंजना सैम्यूल एवं अतिथियों द्वारा उद्बोधन में गणतंत्र दिवस की महत्ता के बारे में बताया तथा अच्छे नागरिक के उत्तरदायित्वओं को निभाने की प्रेरणा दी।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शान से लहराया तिरंगा



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिला एवं समीपवर्ती क्षेत्रों के लिए मानक शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में 26 जनवरी को देश का 77 वां गणतंत्र दिवस का आयोजन गरिमामय एवं अत्यंत हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।

इस वर्ष के राष्ट्रीय थीम वंदे मातरम के 150 वर्ष की अनुगूंज पूरे कार्यक्रम में अनुभव की गई, मानो विद्यालय प्रांगण स्वतंत्रता गाथा और राष्ट भक्ति के एक जीवंत मंच में परिवर्तित हो गया हो। प्रातःकालीन स्वर्णिम धूप के साथ ही संस्था के अध्यक्ष रमेशचंद्र सिंह, निदेशक व्यंकटेश सिंह, निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह, प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं स्वच्छ एवं सुसज्जित परिधान में प्रांगण में एकत्र हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं समवेत स्वर में राष्टगान के गायन से हुआ, इसके पश्चात समूचा वातावरण देशभक्ति की पवित्र भावना से आप्लावित हो उठा। ध्वजारोहण के साथ ही विद्यार्थियों की टुकड़ियों ने अनुशासित कदमताल के साथ मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया, जिसमें हाउसवार दलों की सुगठित पंक्तियां भारत की एकता, अनुशासन और संगठनशीलता का सजीव प्रतीक बन गइं। इस शानदार प्रदर्शन के पश्चात कक्षा पांचवी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने गीत वंदे- मातरम की सुमधुर प्रस्तुति दी। तत्पश्चात कक्षा चौथी के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक नृत्य देश रंगीला की प्रस्तुति दी। इसी क्रम में कक्षा चौथी के छात्र रिधम अग्रवाल तथा बर्बरीक चौहान ने अंग्रेजी तथा हिंदी में गणतंत्र दिवस पर भाषण प्रस्तुत किया। विद्यालय के वरिष्ठ कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर एक शानदार नाट्य प्रस्तुति दी। विद्यालय की वरिष्ठ हिंदी शिक्षिका सुश्री नीरू सिंह ने बच्चों को संविधान दिवस एवं आजादी के महत्व से अवगत कराया, शिक्षिका सुश्री श्रृष्टि सिंह ने सुमधुर कविता पाठ करते हुए माहौल को देशभक्ति से भर दिया। संस्था के अध्यक्ष तथा सुप्रसिद्ध अधिवक्ता रमेशचंद्र सिंह ने इस अवसर पर विद्यालय के नाम अपने संदेश में कहा कि आज का यह ऐतिहासिक दिन हमें उस स्वर्णिम क्षण की याद दिलाता है । जब 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ और भारत एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य बना। यह दिन केवल तिरंगे को फहराने का नहीं, बल्कि संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने का दिन है। हमारे संविधान ने हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का अमूल्य अधिकार दिया है।

## एमसीबी में शान से लहराया तिरंगा, राज्य सभा सांसद ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिला में सोमवार को राष्ट्र भक्ति, गौरव और उल्लास के वातावरण में पूरी तरह सराबोर नजर आया, जब जिले में भारत का 77 वां गणतंत्र दिवस अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं भव्य रूप में मनाया गया। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ स्थित आमाखेरवा ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में प्रातःकाल से ही बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

देशभक्ति गीतों की गूंज, तिरंगे की शान, अनुशासित परेड और सुसंगठित प्रशासनिक व्यवस्थाओं ने पूरे परिसर को देशप्रेम और लोकतांत्रिक चेतना से ओत-प्रोत कर दिया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि राज्यसुभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने राष्टÑीय ध्वज फहराया तथा परेड की सलामी ली। ध्वजा फहराने के पश्चात राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से समारोह स्थल देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। इस अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कलेक्टर डी. राहुल वेंकट एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के साथ परेड का निरीक्षण किया और परेड में सम्मिलित विभिन्न टुकड़ियों के अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। समारोह के दौरान उत्साह और उमंग के प्रतीक रंगीन गुब्बारों को आकाश में छोड़ा गया, जो लोकतंत्र की मजबूती, स्वतंत्रता की उड़ान और राष्ट्र उज्जवल भविष्य का संदेश देते प्रतीत हुए। परेड में अर्द्धसैनिक बल, जिला पुलिस बल, नगर सेना, एनसीसी, एनएसएस तथा स्काउट्स एवं गाइड्स की टुकड़ियों ने सीधे कदमों और एकरूप तालमेल के साथ आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। जवानों के अनुशासित कदमताल और जोशपूर्ण प्रदर्शन ने राष्ट्र की सुरक्षा में उनके दायित्वबोध, समर्पण और प्रतिबद्धता को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया। परेड प्रतियोगिता में सीनियर जिला पुलिस बल (महिला) एवं जूनियर एनसीसी को प्रथम स्थान, सीनियर प्लाटून कमांडर 18 वीं बटालियन, जूनियर गाइड एवं जूनियर स्काउट्स को द्वितीय स्थान तथा सीनियर सहायक उप निरीक्षक जिला एमसीबी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सभी टुकड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विजेता दलों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

## किड्स वर्ल्ड पब्लिक हाई स्कूल में आन बान-शान से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**बैकुण्ठपुर।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर किड्स वर्ल्ड पब्लिक हाई स्कूल, हरापारा में 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही आन-बान-शान और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण विद्यालय के संचालक डॉ. विजय कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में डॉ. विजय कुमार ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान अपनाया और एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों ने हमें ऐसा संविधान दिया जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल्यों पर आधारित है। यह संविधान केवल नियमों का संग्रह नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की आत्मा है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षण संस्थान के रूप में हमारा दायित्व है कि हम विद्यार्थियों में केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन, ईमानदारी, देशभक्ति और नैतिक मूल्यों का भी विकास करें। आज के विद्यार्थी ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से परिश्रम, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि सच्चा देशप्रेम शब्दों में नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने में है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों को उनके अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
7 दिन
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त